भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 37

30 नवम्बर, 2021 को उत्तरार्थ

सहकार मित्र - एनसीडीसी प्रशिक्षुता योजना

***37. श्री विष्णु दयाल राम :**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सहकार मित्र - राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) प्रशिक्षुता योजना का ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे सभी प्रशिक्षुओं की सूची क्या है जो इस योजना से आज तक लाभान्वित हुए हैं; और

(ग) इस योजना को चलाने के लिए सरकार द्वारा निवेश की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

लोक सभा में दिनांक 30.11.2021 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 37 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की "प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) कार्यक्रम पर सहकार मित्र योजना" का विवरण अनुबंध-क पर संलग्न है।

(ख) इस योजना से अब तक लाभान्वित हुए सभी प्रशिक्षुओं की सूची अनुबंध-ख पर संलग्न है।

(ग) उक्त योजना न तो भारत सरकार की योजना है और न ही सरकार द्वारा वित्त पोषित। यह योजना एनसीडीसी के अपने संसाधनों के तहत वित्त पोषित है।

लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 37
अनुबंध-क

“प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) कार्यक्रम पर सहकार मित्र योजना" एक ऐसी व्यवस्था है जहां राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) युवा व्यावसायिकों को उनके व्यावसायिक विकास को सुगम करने के साथ-साथ निगम को उनकी सेवाओं, प्रतिभा और विचारों का लाभ देने के लिए संगठनात्मक संदर्भ में कौशल और ज्ञान को लागू करके सीखने का अनुभव प्राप्त करने के लिए अल्पकालिक (चार महीने से अधिक नहीं) अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यावसायिक स्नातकों को एनसीडीसी के कामकाज और संबंधित पहलुओं के बारे में अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना भी है ।

निम्नलिखित शैक्षिक योग्यता प्राप्त किसी भी व्यक्ति की पात्रता पर विचार किया जाता है :-

क) यू.जी.सी./ए.आई.सी.टी.ई/आई.सी.ए.आर., जो भी लागू हो, से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान के विभागाध्यक्ष द्वारा विधिवत अनुशंसित कृषि / दुग्ध / पशुपालन / पशुचिकित्सा / विज्ञान / मत्स्यपालन / बागवानी / वस्त्र / हथकरघा / आई.टी (सूचना प्रौद्योगिकी) में स्नातक की डिग्री की न्यूनतम योग्यता वाले व्यावसायिक स्नातक।

ख) यू.जी.सी./ए.आई.सी.टी.ई/आई.सी.ए.आर., जो भी लागू हो, से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान के विभागाध्यक्ष द्वारा विधिवत अनुशंसित एम.बी.ए. (एग्रीबिजनेस) / एम.बी.ए (सहकारिता) / एम.कॉम (वाणिज्य स्नातकोत्तर) / एम.सी.ए. / एम.बी.ए. (प्रोजेक्ट मैनेजमेंट) / इंटर आई.सी.ए.आई. / इंटर आई.सी.डब्ल्यू.ए. के व्यावसायिक (अध्ययनरत या पूर्ण कर चुके) डिग्री धारक।

योजना का विवरण और दिशानिर्देश पोर्टल http://sip.ncdc.in पर उपलब्ध हैं।

लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 37

अनुबंध-ख

क्र. सं.	प्रशिक्षु का नाम	इंटर्नशिप का स्थान	अवधि
1	श्री नादिकुड़ा रवि किरण	हैदराबाद	01.09.2020 से 31.12.2020
2	श्री एम एस कीर्थना	बेंगलुरु	01.09.2020 से 31.12.2020
3	सुश्री श्रुति शुक्ला	लखनऊ	01.09.2020 से 31.12.2020
4	श्री बिष्णु शंकर मिश्रा	लखनऊ	01.09.2020 से 31.12.2020
5	श्री तुषार विरमानी	लिनाक - गुरुग्राम	01.09.2020 से 31.12.2020
6	श्री नितिन आजाद	शिमला	01.09.2020 से 31.12.2020
7	श्री सात्विक दास	भुवनेश्वर	01.09.2020 से 31.12.2020
8	सुश्री शिवानी विश्वनाथ होनराव	पुणे	01.09.2020 से 31.12.2020
9	श्री दौलत सिंह	जयपुर	01.09.2020 से 31.12.2020
10	सुश्री नेहा अग्रवाल	जयपुर	01.09.2020 से 31.12.2020
11	श्री उल्लास कुमार	पटना	19.10.2020 से 18.02.2021
12	श्री राहुल राज	पटना	19.10.2020 से 18.02.2021
13	सुश्री दीप्ति त्रिपाठी	भोपाल	01.02.2021 से 31.05.2021
14	सुश्री विभा गडपयले	भोपाल	01.02.2021 से 31.05.2021
15	सुश्री स्वेता साहु	भुवनेश्वर	01.02.2021 से 31.05.2021
16	श्री आशीष कुमार गौड़ा	भुवनेश्वर	01.02.2021 से 31.05.2021
17	श्री साजिद अली	प्रधान कार्यालय	01.02.2021 से 31.05.2021
18	श्री शिवम कुमार गुप्ता	प्रधान कार्यालय	01.02.2021 से 31.05.2021
19	श्री संजीव कुमार	प्रधान कार्यालय	01.02.2021 से 31.05.2021
20	श्री दिव्यांश महाजन	भोपाल	14.06.2021 से 14.10.2021
21	सुश्री रितिका संतोष निमसरकर	भोपाल	14.06.2021 से 14.10.2021
22	सुश्री प्रियम तालुकदार	गुवाहाटी	14.06.2021 से 14.10.2021
23	श्री मनीष शर्मा	जयपुर	14.06.2021 से 14.10.2021
24	सुश्री परवानी शर्मा	चंडीगढ़	14.06.2021 से 14.10.2021
25	सुश्री प्रोनिप्रा घोष	कोलकाता	14.06.2021 से 14.10.2021
26	सुश्री सोहिनी रॉय	कोलकाता	14.06.2021 से 14.10.2021
27	सुश्री सिमरन अरोड़ा	लिनाक - गुरुग्राम	14.06.2021 से 14.10.2021

****